दिनांक 14.01.2018

**स्वच्छ भारत अभियान** **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

**भिलाईनगर/**निगम आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने आज जोन 06 रिसाली के अंतर्गत वार्ड 40, 41 डुण्डेरा में लगे शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिविर में संलग्न अधिकारी, कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए उपस्थित नागरिकों से भी मुलाकात की गई एवं नागरिकों के द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का भी अवलोकन किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को दिया गया। लोक सुराज अभियान 2018 लक्ष्य समाधान शिविर में निगम क्षेत्र के नागरिकों के द्वारा कुल 3 दिवस में मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में आयोजित शिविर स्थल में उपस्थित होकर कुल आवेदन 6116 प्रस्तुत किये गये जिसमें मांग के 5378 एवं शिकायत के 738 आवेदन जमा किये है। शिविर का आयोजन 12 जनवरी से 14 जनवरी तक प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया था।

राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा मुख्य कार्यालय सहित जोन कार्यालयों में लोक सुराज अभियान लक्ष्य समाधान शिविर 33 जगहों पर आयोजित किया गया था समस्त शिविरों में निगम क्षेत्र के नागरिकों ने अपने–अपने वार्डों से संबंधित मांग एवं शिकायत के आवेदन प्रस्तुत किये गये नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किये गये आवेदन में उल्लेखित मांग एवं शिकयत की जांच कर संबंधित विभाग को प्रेषित किया जावेगा। निगम भिलाई के द्वारा शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निराकरण करने हेतु नगर पालिक निगम, भिलाई के द्वारा तिथि निर्धारित की गई है।

**द्वितीय चरण–15 जनवरी से 11 मार्च 2018 तक शिकायत आवेदनों का निराकरण** 15 से 31 जनवरी 2018 तक शिकायतकर्ता की व्यक्तिगत् सुनवाई, 01 से 28 फरवरी तक शिकायत आवेदन पर कार्यवाही, 1 से 11 मार्च तक शिकायतकर्ता को निराकरण की लिखित सूचना देना। **समस्याओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण–**15 जनवरी से 31 जनवरी तक स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करना। 01 से 15 फरवरी तक स्वीकृति प्राप्त करना। 01 से 28 फरवरी तक निविदा की कार्यवाही पूर्ण करना। 01 से 11 मार्च तक कार्य प्रारम्भ करना। **मांग से संबंधित आवेदनों का निराकरण–** 15 जनवरी से 31 जनवरी 2018 तक स्थल निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करना। 01 से 07 फरवरी तक शासन को प्रस्ताव भेजना। 08 से 15 फरवरी तक शासन से स्वीकृति प्राप्त करना। 16 फरवरी से 11 मार्च तक निविदा एवं कार्यादेश की कार्यवाही कर कार्य प्रारम्भ करना।

लोक सुराज अभियान शिविर के अंतर्गत मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में नागरिकों के द्वारा प्रस्तुत 12, 13 एवं 14 जनवरी 2018 संयुक्त रुप से प्राप्त जिसमें पेटी से प्राप्त आवेदन भी सम्मिलित है इस तरह कुल आवेदन की संख्या 6116 जिसमें मांग के कुल 5378 व शिकायत के 738 आवेदन प्राप्त हुए। 14 जनवरी को प्राप्त हुए आवेदन कुल 3304 जिसमें मांग के 2875 एवं शिकायत के 429 आवेदन प्राप्त हुए।

**जनसंपर्क अधिकारी**

सर्वेक्षण